महानिदेशक के नटराजन, रा० त० प०, त० प०
महानिदेशक भारतीय तटरक्षक
Director General K Natarajan, PTM, TM
Indian Coast Guard

Tel. : 91-11-23382546
Fax : 91-11-23385185
E-mail : dg@indiancoastguard.nic.in

तटरक्षक मुख्यालय
राष्ट्रीय स्टेडियम परिसर
नई दिल्ली 110001

Coast Guard Headquarters
National Stadium Complex
New Delhi 110001

महानिदेशक का संदेश

हिंदी दिवस-2019

हिंदी दिवस - 14 सितंबर के अवसर पर तटरक्षक संगठन के सभी अफसरों एवं कार्मिकों को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

2. मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय तटरक्षक मुख्यालय तथा सभी अधीनस्थ स्थापनाएं अपने-अपने स्तर पर हिंदी पखवाड़े का आयोजन कर रहे हैं। भारतीय संविधान में हिंदी को राजभाषा का गौरवपूर्ण दर्जा प्राप्त है। हिंदी जनमानस की भाषा है और इसका प्रचार-प्रसार निरंतर बढ़ता जा रहा है। हिंदी भाषा में दूसरी भाषाओं के शब्दों को आसानी से ग्रहण करने की क्षमता है, जिसके फलस्वरूप इसका परंपरागत स्वरूप काफी आसान हो गया है।

3. भारतीय तटरक्षक में विभिन्न प्रांतों और बोलियों से संबद्ध लोग सेवारत हैं, जो आपसी संपर्क, व्यवहार आदि में हिंदी का ही प्रयोग करते हैं। इस प्रकार, मैं यह समझता हूं कि हमें हिंदी में काम करने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। सरकारी काम-काज में हिंदी का उत्तरोत्तर प्रयोग बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। हमें इन सबका लाभ उठाना चाहिए। जितना सरकारी काम-काज जनता की भाषा में होगा, उनकी उपयोगिता, स्वीकार्यता एवं सार्थकता भी उतनी ही अधिक होगी। साथ ही साथ हमें राजभाषा विभाग के द्वारा उपलब्ध कराए गए हिंदी सॉफ्टवेयर का प्रयोग करना चाहिए और कंप्यूटर में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाना चाहिए।

4. हिंदी दिवस - 2019 के शुभ अवसर पर मैं संगठन के सभी अफसरों एवं कार्मिकों से अपील करता हूं कि वे सरकारी काम-काज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने हेतु अपने प्रयासों को निरंतर गति प्रदान करें तथा हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित गतिविधियों में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें।

जय हिंद।

के. नटराजन

(के नटराजन)
महानिदेशक भारतीय तटरक्षक

नई दिल्ली
दिनांक: 11 सितंबर, 2019